मोहिनी सूरतिया | by Nisha Soni

श्याम तेरे मुखड़े का देखा जो नज़ारा
इनमे ना जाने कहाँ खो गया है मेरा दिल
मोहिनी सुरतिया ने ऐसा जादू डाला
खुद को संभाल पाना हो गया है मुश्किल

माथे पे केसर चन्दन का ये प्यारा सा टीका
सूरज से भी ज़्यादा चमके चेहरा श्याम धणी का
नैन काले काले लट घुंघराले
श्याम मिजाज़ी के ठाठ निराले
मखमल से होंठों पे सज रही मुरली
इनमे ना जाने कहाँ खो गया है मेरा दिल
श्याम तेरे मुखड़े का ....

मोर मुकुट का ताज है सर पे सोने के आभूषण
सबके दिल का चैन चुराए श्याम तुम्हारे चितवन
तेरी अदाएं मन को लुभायें
देखे जो तुझे देखता ही जाए
प्यारे प्यारे हाथों में सज रही मेहँदी
इनमे ना जाने कहाँ खो गया है मेरा दिल
श्याम तेरे मुखड़े का ....

माधव ने सब वार दिया है तेरी एक झलक पे
श्याम सलोने जैसा ना कोई धरती और फलक पे
श्याम बिहारी पे जाऊं वारी वारी
टीका लगा दूँ नज़र की मैं कारी
लगने लगा है फीका मुझे जग सारा
इनमे ना जाने कहाँ खो गया है मेरा दिल
श्याम तेरे मुखड़े का ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-nisha-soni/